भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

वित्तीय सेवाएं विभाग

लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या *274

जिसका उत्तर 20 मार्च, 2023/29 फाल्गुन, 1944 (शक) को दिया गया

ओडिशा में मुद्रा ऋण

*274. श्री रमेश चन्द्र माझी:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के अंतर्गत ओडिशा में ऋणों के संवितरण की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) फरवरी, 2023 तक इस योजना के अंतर्गत लाभार्थियों की संख्या और ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या ओडिशा के संबंध में इससे संबंधित कोई विशिष्ट लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वित्त मंत्री (श्रीमती निर्मला सीतारामन)

(क) से (घ): एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

*****

"ओडिशा में मुद्रा ऋण" के संबंध में श्री रमेश चन्द्र माझी, माननीय संसद सदस्य द्वारा पूछे गए 20 मार्च, 2023 के लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *274 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

(क) और (ख): प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) को आरंभ किए जाने से लेकर दिनांक 24.2.2023 तक की स्थिति के अनुसार इस योजना के अंतर्गत उड़ीसा राज्य में उधारकर्ताओं को 1,00,674 करोड़ रुपये की राशि के 2.62 करोड़ से अधिक ऋण संवितरित किए गए हैं।

(ग) और (घ): पीएमएमवाई के अंतर्गत सरकार सदस्य उधारदात्री संस्थाओं (एमएलआई) द्वारा स्वीकृत/संवितरित की जाने वाली राशि के संबंध में वार्षिक लक्ष्य निर्धारित करती है। तदनुसार, एमएलआई, संबंधित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार अपना लक्ष्य क्षेत्र में उपलब्ध संभावना, अपनी उपस्थिति तथा अन्य संबंधित मानदण्डों के अनुसार निर्धारित करती है।

*****